इतिहास एवं संगीत विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

महाविद्यालय में दिनांक 04–10–2014 को संभाग प्रथम के सभागार में इतिहास विभाग के द्वारा एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था– "भारत का स्वतन्त्रता सग्रांम (1857–1947 ई0) जिसमे बीए प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की छात्र–छात्राओं की चयनित अलग– अलग टीमों ने भाग लिया. इस प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की टीम पुजा और लक्ष्मी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष की टीम कोमल और उरवशी रही एवं तृतीय स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की टीम दिव्या और हिनाक्षी रही. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने सभी विजेताओं को बधाई दी और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ महापुरुषो के जीवन व राष्ट्रीय आन्दोलन से जुड़ी घटनाओं को जानने में बहुत सहायक होती है. उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं ही आपको सफलता की ओर ले जाती है. उन्होंने सभी छात्र–छात्राओं को प्रेरित किया कि उन्हें ऐसी प्रतियोगिताओं मे भाग लेकर अपनी गलतियों से सौख कर जीवन में आगे बढना चाहिए. अन्त में प्राचार्य महोदय डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए. प्रतियोगिता का आयोजन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ0 जयपाल सिंह की देखरेख मे हुआ. अन्त में इतिहास प्रवक्ता डॉ0 विनिता शर्मा ने उपस्थित प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता, डॉ0 रामचन्द्र व अन्य शिक्षकगण का धन्यवाद किया.

तथा संगीत विभाग द्वारा संचालित "स्वरांजल म्यूजिकल सोसाइटी" के त्तवावधान में "स्लोगन लेखन प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया. इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने विद्यार्थियों को संगीत के महत्त्व से अवगत कराया तथा विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए. प्रतियोगिता में खूशबू, यामिनी और पूजा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया. इस अवसर पर संगीत विभाग की प्रावक्ता श्रीमती पूजा शर्मा, श्री पंकज झा एवं तबलावादक श्री राजेन्द्र कुमार उपस्थित थे.